समाचार

निगम का पुनरीक्षित बजट वर्ष 2024–25 एवं बजट वर्ष 2025–26 एम.आई.सी. द्वारा पारित, साधारण सभा की ओर अग्रेषित

मेयर इन काउंसिल की बैठक में निगम के विभिन्न कार्यो से जुड़े प्रस्तावों को दी गई स्वीकृति

(महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में सम्पन्न हुई नवगठित मेयर इन काउंसिल की पहली बैठक)

कोरबा 19 मार्च 2025 –निगम का पुनरीक्षित बजट वर्ष 2024–25 एवं बजट वर्ष 2025–26 एमआईसी द्वारा पारित कर आवश्यक स्वीकृति हेतु साधारण सभा की ओर अग्रेषित किया गया। मेयर इन काउंसिल द्वारा निगम के विभिन्न कार्यो से जुड़े प्रस्तावों पर विचार विमर्श पश्चात सर्वसम्मति से आवश्यक स्वीकृतियॉं भी दी गई, साथ ही राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना एवं सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजना के हितग्राहियों को भी एम.आई.सी. द्वारा अपनी स्वीकृति प्रदान की गई।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की विशेष उपस्थिति में निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक आज निगम कार्यालय साकेत भवन स्थित एम. आई.सी. कक्ष में आयोजित हुई, बैठक में मेयर इन काउंसिल सदस्य हितानंद अग्रवाल, भानुमति जायसवाल, अजय गोंड़, धनकुमारी गर्ग, फिरतराम साहू, उर्वशी राठौर, ममता यादव, अजय कुमार चन्द्रा एवं सरोज शांडिल्य आदि उपस्थित थे। नगर पालिक निगम कोरबा का पुनरीक्षित बजट वर्ष

2024–25 एवं बजट वर्ष 2025–26 मेयर इन काउंसिल के समक्ष रखा गया, एमआईसी द्वारा सर्वसम्मति से बजट प्रस्ताव को पारित करते हुए बजट को आवश्यक स्वीकृति हेतु निगम की आगामी साधारण सभा की ओर अग्रेषित किया गया। बैठक के दौरान स्व.केशवलाल मेहता स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 हेतु अनुदान, सुनालिया ज्वेलर्स के पास आरयूबी निर्माण के कारण बिछाई गई डीआई पाईप लाईन शिफ्टिंग कार्य, बनिया तालाब का विकास व संरक्षण कार्य, वयवंदन कार्ड के संबंध में, सामुदायिक भवनों का रखरखाव, विवेकानंद उद्यान के संबंध में, निगम कर्मचारियों का सेटअप पुनरीक्षण सहित अन्य विविध प्रस्तावों पर विस्तार से विचार विमर्श पश्चात सर्वसम्मति से आवश्यक निर्णय लिए गए, वहीं राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना व सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजना आदि की स्वीकृति भी एमआईसी द्वारा प्रदान की गई।

बैठक के दौरान निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी एवं पवन वर्मा, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, जोन कमिश्नर व कार्यपालन अभियंता भूषण उरांव, विनोद शांडिल्य, एन.के.नाथ, अजीत तिग्गा, अखिलेश शुक्ला, तपन तिवारी, राकेश मसीह, प्रकाश चन्द्रा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, सहायक लेखाधिकारी प्रदीप सिकदर, उद्यान अधीक्षक आनंद राठौर, दीवाकांत जायसवाल, संजय कुमार झा, अरविंद सिंह आदि के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे।